कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा अगस्त, 2022_माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

i. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की हैं:

(क) क्षमता विकास आयोग ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर), हैदराबाद में 5 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय क्षमता विकास संरचना (2022) की तैयारी और एनआईआरडीपीआर द्वारा पंचायती राज संस्थानों के पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए बैठक में भाग लिया।

(ख) क्षमता विकास आयोग ने 6 अगस्त, 2022 को मैसूर नगर निगम के साथ शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) स्तर पर क्षमता बढ़ाने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करने के लिए एक प्रारंभिक बैठक की।

(ग) क्षमता विकास आयोग ने दिनांक 12 अगस्त, 2022 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के लिए क्षमता विकास योजना पर 'गहन विचार-विमर्शी कार्यशाला' की मेजबानी की। कार्यशाला वन सेवाओं के क्षमता विकास के लिए एकीकृत दृष्टिकोण के विकास पर केंद्रित थी।

(घ) क्षमता विकास आयोग के सदस्य (एचआर) डॉ. बालासुब्रमण्यम ने दिनांक 13 अगस्त, 2022 को श्रीपेरंबदूर, चेन्नई में राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान में संकाय के साथ संस्थागत मूल्यांकन के लिए विचार-विमर्श किया।

(ड.) क्षमता विकास आयोग के सचिव श्री हेमंग जानी ने नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सिंगापुर प्रौद्योगिकी पर भारत संवाद, नवाचार और उद्यमिता में एक पैनल चर्चा में भाग लिया। यह संगोष्ठी 22 अगस्त, 2022 को सिंगापुर-भारत उद्यमिता भागीदारी पर थी।

(च) क्षमता विकास आयोग ने अगस्त 2022 के दौरान निम्नलिखित समझौता ज्ञापन/एसओआई पर हस्ताक्षर किए:

1) भारत सरकार के सिविल सेवकों के डिजिटल उत्पादकता कौशल और कार्यात्मक कंप्यूटर साक्षरता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और माइक्रोसॉफ्ट ने 3 अगस्त, 2022 को क्षमता विकास आयोग के साथ एक समझौता ज्ञापन किया।

2) दिनांक 16 अगस्त, 2022 को सीबीसी और विकास अनुवीक्षण एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ), नीति आयोग के बीच ज्ञान साझेदारी के लिए स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (एसओआई) पर हस्ताक्षर किए गए थे। भारत सरकार के विभिन्न विभागों के लिए डेटा शासन, निगरानी और मूल्यांकन में विभिन्न क्षमता विकास पहल पर सहयोग के लिए एसओआई पर हस्ताक्षर किए गए थे।

3) ज्ञान साझेदारी के लिए 24 अगस्त, 2022 को एसपी जैन प्रबंध एवं शोध संस्थान तथा क्षमता विकास आयोग के बीच आशय के कथन (एओआई) पर हस्ताक्षर किए गए।

(ii) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में प्रतिनियुक्ति के तहत सहायक सचिवों के रूप में तैनात किए गए 2020 बैच के आईएएस अधिकारियों ने भारत की माननीया राष्ट्रपति से 25 अगस्त, 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे दरबार हॉल, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में मुलाकात की।

(iii) दिनांक 05 अगस्त, 2022 को अपराह्न 3.00 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मंत्रिमण्डल सचिव ने सहायक सचिवों के साथ संवादात्मक सत्र किया।

(iv) सहायक सचिवों के लिए सीएसओआई, विनय मार्ग में 04 विशेष संवाद सत्र आयोजित किए गए।

(iii) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने अगस्त 2022 के दौरान 08 संगठन विशिष्ट कार्यक्रम, 08 कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 05 सीएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम, 01 सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम और 03 दक्षता कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 843 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

(iv) सचिव (कार्मिक) ने 17.08.2022 को आईएसटीएम का दौरा किया और एएसओ (डीआर) के लिए फाउंडेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की।

II. चयन और नियुक्तियां

i. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पदभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कर्मयोगी भारत के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में निम्नलिखित की नियुक्ति को मंजूरी दी:

- श्री सुब्रमण्यम रामादोरई, राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद में प्रधान मंत्री के पूर्व सलाहकार: **गैर-कार्यकारी निदेशक और अध्यक्ष, कर्मयोगी भारत।**

- सुश्री देबजानी घोष, अध्यक्ष, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैस्कॉम): **गैर-कार्यकारी निदेशक कर्मयोगी भारत।**

- पीपलस्ट्रॉन्ग के सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ तथा तीन स्वतंत्र व्यवसायों पीपलस्ट्रॉन्ग एचआर टेक, टैगगड और व्हीबॉक्स का नेतृत्व करने वाले श्री पंकज बंसल: **गैर-कार्यकारी निदेशक, कर्मयोगी भारत**।

- डॉ. संतरूप मिश्रा, समूह निदेशक, बिड़ला कार्बन; आदित्य बिड़ला समूह के लिए निदेशक, रसायन और निदेशक, समूह मानव संसाधन: **गैर-कार्यकारी निदेशक, कर्मयोगी भारत।**

- डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी आईएएस (सेवानिवृत्त), राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद के अध्यक्ष: **गैर-कार्यकारी निदेशक कर्मयोगी भारत।**

- सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार (पदेन): **गैर-कार्यकारी निदेशक कर्मयोगी भारत।**

v. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक के 12 (बारह) पदों और सीएमडी के 03 (तीन) पदों के लिए विज्ञापन जारी किए। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद के लिए 02 (दो) चयन बैठक आयोजित की गई और निदेशकों के पद के लिए 10 (दस) चयन बैठक आयोजित की गई।

vi. सीएसई-2021 के उम्मीदवारों को सेवा आबंटन की दो पुनरावृत्तियों को किया गया है। सीएसई-2021 के आधार पर 592 उम्मीदवारों को सेवा आबंटित की गई है। अगस्त, 2022 के दौरान कुल 89 राज्य सेवा के अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नत किया गया था।

vii. कैट के 16 न्यायिक सदस्यों के संबंध में नियुक्ति आदेश जारी किए गए।

viii. श्री सुरेश एन. पटेल, पूर्व एमडी और सीईओ, आंध्रा बैंक, ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद, पदभार ग्रहण करने की तिथि से 04 वर्ष की अवधि या पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, के लिए 03.08.2022 को अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया है।

ix. श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, आईएएस (सेवानिवृत्त) (एएम:1988) और श्री अरविंद कुमार, आईपीएस (सेवानिवृत्त) (एएम:1984) ने केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त (वीसी) के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से 04 वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, के लिए 03.08.2022 को अपना पदभार ग्रहण किया।

x. केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) के 25 अधिकारियों को चयन ग्रेड चयन सूची 2022 में शामिल किया गया था।

III. विशेष अभियान

अगस्त 2022 में, 708 के बैकलॉग सहित 1171 लोक शिकायतों में से 623 लोक शिकायतों का निवारण किया गया। रिकॉर्ड प्रबंधन के हिस्से के रूप में, 279 फाइलों की समीक्षा की गई और 110 फाइलों को हटा दिया गया और 08 अंतर-मंत्रालयी कैबिनेट संदर्भों का निपटारा किया गया।

IV. सतर्कता मामले

क) सचिव के पैनल के लिए 01 (एक) आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी।
ख) संयुक्त सचिव के पैनल के लिए 01 (एक) आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी।
ग) विभिन्न उद्देश्यों अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, आदि के लिए जारी किए गए 53 (तिरपन) आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी।

V. स्थापना मामले

क) अनुकंपा नियुक्ति योजना पर समेकित परिपत्र दिनांक 02.08.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 14014/1/2022-स्था.(डी) के तहत जारी किया गया था।

ख) निम्नलिखित समेकित सूचना दस्तावेज जारी किए गए:

- सीलबंद कवर प्रक्रिया को 30.08.2022 को जारी किया गया।
- सरकारी सेवक द्वारा निर्वाचित पद धारण करने की स्वीकृति को दिनांक 31.08.2022 को जारी किया गया।

ग) छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी) के संबंध में सरकारी खाते पर हवाई टिकटों की बुकिंग के संबंध में निर्देश दिनांक 29.08.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 31011/12/2022-स्था.ए-IV के तहत जारी किए गए।

घ) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के उपयोग के लिए खोज समितियों और खोज-सह-चयन समितियों (स्वायत्त संगठनों में पदों के लिए) की स्थापना करते समय सभी संबंधितों द्वारा पालन किए जाने वाले सिद्धांतों और दिशा-निर्देशों से संबंधित एक व्यापक कार्यालय ज्ञापन दिनांक 31.08.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या एबी-14017/24/2022-स्था.(आरआर) के माध्यम से जारी किया गया है।

VI. कल्याण मामले

क) विनय मार्ग खेल परिसर में 29.08.2022 को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। सीसीएससीएसबी द्वारा चार खेलों (हॉकी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया।

ख) सीसीएससीएसबी द्वारा 25 और 26 अगस्त, 2022 को विनय मार्ग मैदान में अंतर मंत्रालय कबड्डी का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में विभिन्न मंत्रालयों की 18 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 12 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल हैं।

ग) आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए सीएसओआई, विनय मार्ग में 23.08.2022 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

घ) सीसीएससीएसबी द्वारा 10.08.2022 को विनय मार्ग खेल परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।